तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

10 आंबा केंद्र खपरी भ में वजन त्योहार मना
12 कॉलेज में हुई चित्रकला प्रतियोगिता





## खबर संक्षेप

### मोहरा में मातृ-सम्मान समारोह आज

**हिरमी रावन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मोहरा में 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे मातृ-सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में माताओं के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी तथा माताओं को सम्मान-पत्र प्रदान किए जाएंगे। समारोह का उद्देश्य मातृत्व के महत्व को उजागर करना और विद्यालय व अभिभावकों के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

### सशिमं में सप्तशती संगम समापन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 फरवरी मंगलवार को सप्तशती संगम कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया योगेश्वर राजू सन्हा उपस्थित रहेंगे।

### अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आज

**महासमुंद।** शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक 17 फरवरी 2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह अध्यक्षता में होगी। बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निराकरण एवं संबंधित एजेंसियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का वार्षिक सम्मेलन आज

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बागबाहरा का वार्षिक सम्मेलन 17 फरवरी मंगलवार को महारानी वीरांगना दुर्गावती गोंडवाना धर्मशाला भवन मेला स्थल खल्लारी में आयोजित होगा। पेंशनधारी कल्याण संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी पेंशनधारी कल्याण संघ के मीडिया प्रभारी राधेश्याम बागर्ती ने दी है।

### पुलवामा में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में फरवरी 14 को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ (सीआरपीएफ) जवानों को याद किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में शहीदों का कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य एवं अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर ने कहा कि सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया।

# गांवों में तेजी से गिर रहा जलस्तर, गर्मी में गहराएगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अंचल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से जलस्तर में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में लगे हैंडपंप और नलकूपों से पानी का दबाव कम हो गया है, वहीं कई स्थानों पर जल स्रोत लगभग सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फरवरी में ही इस तरह की स्थिति बनना बेहद चिंताजनक है, क्योंकि अप्रैल और मई में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती, पशुपालन और घरेलू उपयोग के लिए मुख्य रूप से भूजल पर ही निर्भरता है। वर्तमान में कई किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। जल स्तर गिरने से गांवों में पीने के पानी की उपलब्धता प्रभावित हो रही है और लोगों को वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि लगातार बढ़ते बोरवेल, कम वर्षा और जल संरक्षण के प्रति लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। तालाब, कुएं और परंपरागत जल स्रोतों की समय पर सफाई और संरक्षण नहीं होने से वर्षा का पानी संचित नहीं हो पाता, जिससे भूजल रिचार्ज की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। इसका सीधा असर जलस्तर पर दिखाई दे रहा है।



### गांवों में जल संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं। गांवों में जल संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, पुराने तालाबों और कुओं का जीर्णोद्धार कराया जाए तथा वर्षा जल संग्रहण को अनिवार्य किया जाए। इसके साथ ही खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत और नए जल स्रोतों की व्यवस्था भी की जाए, ताकि आने वाली गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि अभी से जल प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले महीनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी बढ़ सकती है, जिससे उनकी दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होंगे। ऐसे में जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना ही भविष्य में पेयजल संकट से बचाव का स्थायी समाधान साबित होगा।

### सफल रेस्क्यू के बाद जंगल सफारी नवा रायपुर में छोड़ा गया

# मछली पकड़ने के दौरान जाल में फंसा मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम हरदी स्थित आबादी क्षेत्र के निस्तार तालाब में फंसे एक मगरमच्छ का सोमवार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा मगरमच्छ को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक प्राथमिक देखरेख की गई। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उसके सुरक्षित रहवास, स्वास्थ्य परीक्षण एवं उचित प्रबंधन हेतु उसे जंगल सफारी, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़) में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया है, जहां उसे अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तालाब में ग्रामीण सामूहिक रूप से मछली पकड़ रहे थे, उसी दौरान एक मगरमच्छ जाल में उलझ गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और पूरी सावधानी, संयम एवं विशेषज्ञता के साथ मगरमच्छ को जाल से सुरक्षित बाहर निकाला। समयबद्ध कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित किया गया और मानव-वन्यजीव टकराव की संभावित स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभाला गया।

रेस्क्यू कार्य में परिक्षेत्र सहायक गितेश बंजारे, परिसर रक्षी नेहरू निषाद, सुरक्षा श्रमिक भागी यादव, पीलू निषाद, राकेश ध्रुव तथा वन प्रबंधन समिति हरदी के सदस्य सुखदेव, टिकनेश ध्रुव, मयाराम सेन, विशाल, वीरेंद्र यादव सहित हरदी ग्राम के अन्य ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम





#### वन्यजीव संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी

वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मगरमच्छ को उसके सुरक्षित और उपयुक्त रहवास के लिए जंगल सफारी, नवा रायपुर में छोड़ा गया है, ताकि उसे किसी प्रकार की क्षति न हो और भविष्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति से भी बचाव हो सके। उन्होंने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार ग्रामीणों ने समय पर सूचना देकर सहयोग किया, ठीक उसी प्रकार अक्टूबर 2025 में हुए हाथी के सफल रेस्क्यू के दौरान भी स्थानीय समुदाय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आगे भी आप सभी से वन्यजीव संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा के लिए इसी प्रकार सजगता एवं सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

# शराब परिवहन और बिक्री करते 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर में नाबालिक बालकों के माध्यम से अवैध रूप से शराब का परिवहन एवं बिक्री कराने के मामले में विधि से संघर्षरत 3 बालक सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामलों में किशोर न्याय अधिनियम के तहत आरोपी जितेंदर टंडन उर्फ गप्पू एवं गौतम यदु को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालकों को भाटापारा शहर में सुरखी रोड छात्रावास के पास एवं रावणभाटा मैदान के किनारे अवैध रूप से शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी अपचारी बालकों से अलग-अलग दो मामलों में 7200 कीमत मूल्य का 72 पौवा देसी मसाला शराब एवं मोटरसाइकिल सीजी 22 एएफ 4523 जब्त किया। आरोपी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर निवासी जितेंदर टंडन उर्फ गप्पू एवं सुभाष वार्ड निवासी गौतम यदु द्वारा नाबालिक बालकों से अवैध रूप से शराब का परिवहन एवं बिक्री कराना पाया गया। शहर पुलिस द्वारा शहर पेट्रोलिंग, भ्रमण के दौरान दो अलग-अलग मामलों में उक्त कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 78 किशोर न्याय अधिनियम का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।





# नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों की प्रथम बैठक में शामिल हुईं विधायक कविता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की प्रथम बैठक एवं परिचय कार्यक्रम विधायक कार्यालय कोसमकुंडा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुईं। उनके आगमन पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में सभी नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों ने अपना परिचय देते हुए अपने-अपने मंडल की स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी साझा की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता, सदस्यता विस्तार अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक कविता प्राण लहरें ने अपने उद्बोधन में सभी नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दीं। उन्होंने कहा कि संगठन की ⏩ शेष पेज 11 पर

# शिक्षा, संस्कार और एकता ही समाज की प्रगति का मुख्य आधार : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जिस समाज में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और एकता हो उस समाज को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। धोबी समाज पहले की अपेक्षा अब संगठित होकर एकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं और प्रदेश में एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। उक्त बाते कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने धोबी समाज लवन राज के वार्षिक अधिवेशन में कहा। वार्षिक अधिवेशन में समाज के होनहार छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष बालकुमार रजक ने किया। झेरिया (धोबी) समाज लवन राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन गत दिनों ग्राम गातापार में समाज के राम जानकी मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा थे। अध्यक्षता लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रजककार विकास बोर्ड ⏩ शेष पेज 11 पर




### समाज में एकता और शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि समाज में वह व्यक्ति बड़ा नहीं होता जो पद में बड़ा है, समाज में ओ व्यक्ति भी बड़ा नहीं होता जो पैसे में बड़ा है। समाज में वह व्यक्ति बड़ा होता है जो समाज को टूटने से बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। मंत्रीजी ने शहर डहर के जवईया, गाना गाकर समाज जनों मंत्रमुग्ध कर दिया। रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा हम सभी को संत गाडगे बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनका अनुसरण करना चाहिए। संत गाडगे बाबा कहा करते थे यदि खाने की थाली भी बेचनी पड़े तो बेचकर शिक्षा ग्रहण करो, क्योंकि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है।

# हायर सेकण्डरी और हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा 20 और 21 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- 27 हजार से अधिक छात्र होंगे शामिल
- सुचारु संचालन हेतु बनाए गए 119 परीक्षा केंद्र, उड़नदस्ता दल गठित
- प्रवेश पत्र वितरण आज से, जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अयोजित हायर सेकण्डरी एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2026 क्रमशः 20 एवं 21 फरवरी से शुरू हो रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं के लगभग 27260 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें कक्षा 10वीं के 16187 एवं 12 वी के 11073 छात्र हैं। परीक्षा प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे तक ⏩ शेष पेज 11 पर

### 12 उड़नदस्ता दल गठित

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के पांचों विकासखण्ड में कुल 119 स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने, निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला, अनुभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय कुल 12 उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। प्रवेश पत्र वितरण आज से, जिले में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी।

### रुद्राभिषेक विधि विधान के साथ किया गया

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

अंचल में श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। पर्व पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर एवं ग्रामीण अंचल के शिवालयों में प्रातः काल से ही भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का बेलपत्र धतूरा दूध दही मधुरस से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का पर्व महाशिवरात्रि परंपरागत रूप से श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास पूर्वक आदिकाल से मनाया जाता आ रहा है। इस दिन प्रसिद्ध सोमनाथ धाम एवं शिवनाथ नदी तट किनारे स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर, कामता के तितावर देव मंदिर में प्रतिवर्ष मेला आयोजित होता है।

महाशिवरात्रि पर्व हेतु सिद्धेश्वर शिव मंदिर को विद्युत साज सज्जा से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसकी छटा देखते बन रही थी। मंदिर प्रांगण में दोपहर समय पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक विधि विधान के साथ किया गया। संध्या ⏩ शेष पेज 11 पर

# देवाधिदेव महादेव ने संसार की रक्षा के लिए किया विषपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

- महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर धाम जारा में महाशिव यज्ञ की पूर्णाहुति

महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर धाम जारा में महाशिव यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तेजराम वर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने कहा की समुद्र मंथन में निकली हलाहल विष (जहर) से संसार जलने लगा जिससे बचने के लिए देवता एवं दानव ने भोलेनाथ शंकर जी से रक्षा करने निवेदन किया। संसार के कल्याण के निमित्त शंकरजी जहर को पी गये, जिससे कंठ नीला हो गया और नीलकंठेश्वर महादेव के नाम से जाना जाने लगा। भगवान भोलेनाथ शमशान के राख को शरीर पर लगाकर मस्त रहता है। देवाधिदेव महादेव सर्वव्यापी त्रिकालदर्शी सक्षम होते हुए भी मोह रहित विरान जीवन जीता है। लेकिन अपने भक्तों को सभी प्रकार धन-धान्य, सुख-सुविधा से निहाल कर देता है। ऐसा और धानी महाकाल भोलेनाथ पूजा आराधना कर जीवन को सफल बनाना चाहिए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मिथलेश मुकेश साहू मण्डल अध्यक्ष संडी ने महाशिवरात्री को महान पावन पर्व बताते हुए शिव पार्वती विवाह के प्रसंगो का बखान किया। इस अवसर पर डॉ. डागेश्वर वर्मा, डागेश्वर (पप्पु) वर्मा, रामखिलावन वर्मा राजप्रधान, ओमप्रकाश वर्मा, रोहणी साहू,

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम खरोरा के ओंकारेश्वर महादेव व तामकेश्वर महादेव व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पं. शिवम आचार्य ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। बाद खीर-पूड़ी, बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष चंद्राकर, मालती चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, अनिता चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, रश्मि चंद्राकर, पन्नालाल बांधे, हेमू चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, गोलू, चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, सुनील चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।




### छात्रों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**महासमुंद।** फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला महासमुंद द्वारा 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला नवागांव में बच्चो को फाइलेरिया की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर मितानिन कामाक्षा साहू, भगवन्तिन निर्मलकर, फूल कुंवर जांगड़े द्वारा छात्रों को एल्बेंडाजोल, आइवरमेक्टिन एवं डीईसी का सेवन कराया गया। स्वयं एवं आसपास को साफ सुथरा रखने की सलाह दी गई। मच्छरदानी का उपयोग करने कहा गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, बिहेंद्र साहू एवं किरण दीवान उपस्थित थे।



### सीएचसी पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगा

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैम्प आयोजित किया गया। शिविर में 25 मानसिक मरीजों में मुख्यतः 8 साइकोसिस, 5 बाईपोलर, 6 डिप्रेशन, 3 ऐंजाइटी, 1 सीजर, 2 एल्कोहल एडिक्सन विथड्रॉल मिले। जिसे निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। इस अवसर पर डॉ तारा अग्रवाल बीएमओ, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा।



### झेरिया लोहार समाज खल्लारी परिक्षेत्र का हुआ चुनाव

**खल्लारी।** झेरिया लोहार समाज खल्लारी परिक्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकारिणियों का चुनाव हुआ। जिसमें समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलकंठ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डोमन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष भोला राम विश्वकर्मा, सचिव लीलेश्वर विश्वकर्मा, सहसचिव डॉ राज, सलाहकार दामेश्वर विश्वकर्मा, संचालक जनक विश्वकर्मा चुने गए। वहीं समाज के पंचगणों में दयाराम विश्वकर्मा, जतिराम विश्वकर्मा, रामजी, बोधि विश्वकर्मा, यादूराम, डेरहा विश्वकर्मा, लीला राम व महिला पदाधिकारियों में से अध्यक्ष भारती विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रेखा विश्वकर्मा, संगठन मंत्री दुकलहीन विश्वकर्मा, महिला पंच सरस्वती विश्वकर्मा व समाज सेवक आशाराम विश्वकर्मा, पानसिंग विश्वकर्मा को नियुक्त किया है। इनके नियुक्त पर सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की वार्षिक बैठक में प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर का अध्यक्ष बने गौतम

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर की वार्षिक बैठक सिरपुर में आयोजित की गई। रामप्रसाद ध्रुव अध्यक्ष, गौतम मरई, सुशील नेताम, जयलाल ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव, डेजीरानी नेताम के आतिथ्य में सर्वप्रथम बड़ादेव पूजन गोंगो आरती कर विधिवत शुरुवात की गई। कार्यक्रम में समाज के उच्चतम अंक प्राप्त दसवीं एवम बारहवीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्व.जोइधा सिंह नेताम की स्मृति में परिवार द्वारा प्रोत्साहन राशि एवम समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह एवम प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल/प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले शासकीय सेवा/सेना में चयनित होने वाले युवाओं को भी मंच से सम्मानित किया गया।



संस्कृति पर आधारित सांस्कतिक कार्यक्रम ने सभी दर्शकों को आनंदित किया। समाज प्रमुखों ने अपने सामाजिक उद्बोधन में एकता में रहकर समाज के नेग, दस्तूर, रीति रिवाज, नियमावली के पालन व आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देकर एक अच्छे पालक और समाज के निर्माण में भूमिका अदा करने पर जोर दिया गया। वर्ष भर के आय व्यय की प्रस्तुतिकरण किया गया।

### सिरपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने गौतम

वर्तमान कार्यकारिणी की पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर समाज द्वारा मनोनयन किया गया। जिसमें गौतम मरई को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर का अध्यक्ष बनाया गया। वही कार्यकारणी में सचिव सुशील नेताम, किसलाल ध्रुव (उपाध्यक्ष), बाबूलाल ध्रुव संचालक, कोषाध्यक्ष जीवन लाल ध्रुव, सहसचिव जयलाल नेताम, महामंत्री गोपी मरकाम, आडिटर कोमल ध्रुव, चकप्रधान पंचराम छेदेहा, वीरेंद्र नेताम, दानवीर ध्रुव, नारायण ध्रुव का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र आश्रित सभी गांव के चुनगु ध्रुव, रमेश पोड़ेटी, खोरबाहरा नेताम, रमाकांत ध्रुव, कामदेव, तिरिथ ध्रुव, सावित्री ध्रुव, रूपसिंह, मनराखन ठाकुर, शिव मरकाम, रघुनंदन मरई (भुमका), सोमन मरकाम, भावसिंह ध्रुव, लीलक राम, कुमार सिंह, दीना राम, रामलाल, हीराराम, मनीराम, बिसौहा राम, चतुर सिंह सहित कुटुंब/डिवहारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल ध्रुव ने किया।

## गलत तरीके से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्शाने पर प्रधान पाठक को नोटिस जारी होगा

# बोर्ड परीक्षा से पूर्व ब्लॉक के स्कूलों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रयोगशालाओं की स्थिति तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का भौतिक रूप से उपस्थित होकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलटिकरी का निरीक्षण कर सभी शिक्षकों का बैठक लेकर स्कूल की पढ़ाई, परीक्षा के लिए बच्चों और स्कूल की ओर से तैयारी तथा और 10वीं बोर्ड परीक्षा के पिछले परिणामों की जानकारी ली। संस्कृत शिक्षक से गत वर्ष फेल हुए विद्यार्थियों की संख्या सही जानकारी नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। अंग्रेजी विषय में पिछले वर्ष लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थी अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए थे। निरीक्षण के दौरान शिक्षक कुर्रे अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने गलत तरीके से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्शाने पर प्रधान पाठक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उपस्थिति और प्रयोगशाला व्यवस्था पर नाराजगी विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने गहरी चिंता व्यक्त की और पालकों से नियमित संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रयोगशाला का निरीक्षण करने पर पाया गया कि तीन शिक्षक होने के बावजूद प्रयोगशाला का सामान बिखरा हुआ है और व्यवस्थित नहीं है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में कुल 14 विद्यार्थियों में से केवल 4 उपस्थित मिले। रसायन शास्त्र की कॉपी जांचने पर छात्रा खुशबू साहू की सुंदर लिखावट की कलेक्टर ने सराहना की। कक्षा 9वीं एवं 11वीं की कक्षाओं में विद्यार्थियों से हिंदी में श्रृंगार रस की परिभाषा तथा अंग्रेजी में प्रेजेंट कंटीन्यूअस टेंस से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका अधिकांश विद्यार्थी सही उत्तर नहीं दे पाए। विषय शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालय पवनी का भी निरीक्षण किया। यहां दो पालियों में स्कूल संचालित होने की जानकारी ली गई। कक्षा 4 के विद्यार्थियों से कंप्यूटर विषय के प्रमुख पाठों के बारे में पूछा गया, जिसका बच्चों ने सही उत्तर दिया। कलेक्टर ने अध्ययन समय में केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

पवनी शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। कक्षा 11वीं कला संकाय में भूगोल विषय के अंतर्गत भूकंप एवं उसके प्रकारों के बारे में प्रश्न पूछे गए। छात्रा संजना निराला ने संतोषजनक उत्तर दिया, जबकि कई छात्राएं उत्तर नहीं दे सकीं। कलेक्टर ने शिक्षकों को बेहतर परिणाम लाने, नियमित कक्षाएं संचालित करने और बोर्ड परीक्षा की समुचित तैयारी कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए सभी शिक्षकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# आंबा केंद्र खपरी भ में वजन त्योहार मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 9 से 18 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खपरी भ में वजन त्योहार मनाया गया, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का वजन लिया गया। उनके पालकों को बच्चों पोषण स्तर की जानकारी दी की बच्चों को केंद्र जाने से पहले भोजन करा कर भेजें एवं साफ सुथरा कपड़ा पहनाएं। उनके स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। खाली समय में घर पर भी शिक्षा दीक्षा दें, ताकि बच्चा संस्कारिक बने और उनका भविष्य उज्ज्वल बने। समय-समय पर पौष्टिक आहार भी दें, ताकि बच्चा स्वस्थ रहे और किशोरी एवं गर्भवती महिलाओं को उनके बारे में विशेष की जानकारी बताएं कि आप सभी समय-समय पर उप स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अवश्य ही जांच करावे तथा गांव के मितानिनों से मिलकर अपने स्वास्थ्य के बारे में बताएं, ताकि उचित सलाह लें ताकि गर्भवती माताएं समय-समय पर पौष्टिक आहार एवं फूड्स का प्रयोग अवश्य करें ताकि स्वस्थ रहेंगे की अपील की। इस अवसर पर सुपरवाईजर लक्ष्मी ढीढी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुधन्तीन ढीढी, हिना कुर्रे, मितानिन प्रीति झा, रेखा डहरिया, अहिल्या, भगवंतीन, अनिता, आसाराम बेदी सुरेश ध्रुव, सत्यवती, सीमा, शबनम, दामिनी, रेखा, अरुणा, जमुना, भानमती सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### धोबी समाज का महाधिवेशन परिचय सम्मेलन 22 को

**रायपुर।** बालोद जिले के आमदी स्थित पलारी में 22 फरवरी को धोबी समाज का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन में विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय देकर अपना मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे।

# शिव मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव, हुआ जलाभिषेक

**नर्रा।** भगवान शिव के पावन पर्व महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उलास का वातावरण रहा। रविवार को सुबह से ही गांव के शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी भीड़ लगी रही है। श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर जल बेल पत्र, धतुरा, दूध, दही, मधु और फूल अर्पित कर देवो का देव महादेव भोले नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस पावन पर्व पर ग्राम नर्रा के जोंक नदी तट पर शिवालय तालाब पार ग्राम मुड़पार, राटापाली, झिटकी, परकोम, परसुली, वनांचल क्षेत्र ग्राम भलेसर, भालुकोना, महादेवाधाम कसेकेरा समेत शिवालयों में मेले जैसे माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्साह दिखा। शिव मंदिर प्रांगण में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर विधिवत हवन पूजन एवं महाआरती कराई गई। पश्चात प्रसादी में खीर पुड़ी के अलावा महाभंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसगान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित मानस मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति दी।

# ध्रुव गोंड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कामता स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चितावर धाम में शनिवार को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र झिरिया का वार्षिक अधिवेशन गोंडवाना भवन में हुआ। वार्षिक अधिवेशन के प्रारंभ पर कलश यात्रा एवं भगवान बूढ़ादेव की पूजा आरती की गई। वार्षिक अधिवेशन में आदर्श विवाह का भी कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें दो जोड़ों की शादी गोंड़ी संस्कृति विवाह विभाग व आदिवासी परंपरा के अनुसार हुई। आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक में सुआ, कर्मा, लोकगीत ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सहसचिव कृष्णा कुंजाम झिरिया कामता परिक्षेत्र के अध्यक्ष शंकर लाल मरई, सचिव खेमराज सोरी, सहसचिव चंदुलाल ध्रुव, सहसचिव प्रेम ध्रुव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार ध्रुव, दीवान छेदुराम ध्रुव, मंत्री विशम्भर ध्रुव, डीएस नेताम, डोमार ध्रुव, मनीराम ध्रुव, सेवक ध्रुव, चंदूलाल ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, मानसिंग नेताम, एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया।

# महाकालेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया

**नर्रा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नर्रा में रविवार को जोंक नदी तट पर महाकालेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व पर श्रद्धा और उलास के साथ मनाया गया। इस मौके पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए। साथ ही विधायक प्रतिनिधि विजयशंकर निगम, पूर्व मंडल अध्यक्ष कोमाखान संतोष पटेल, पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, पूर्व सभापति उत्तम राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र गुप्ता और मेघनाथ यादव शामिल हुए। विधायक यादव ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चन कर नर्रा और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सुख, समृद्धि शांति और अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मंच पर सभी अतिथि विराजमान हुए। अतिथियों का स्वागत आयोजक समिति तथा बोलबम समिति के युवाओं ने फूल माला पहनाकर किया। इस अवसर पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह केवल एक पर्व नही बल्कि, शिव और शक्ति के मिलन की एक दिव्य रात्रि है। इसी पावन तिथि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस रात भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रगट हुए थे। इस दौरान आयोजक समिति के जनकराम साहू, सोनसिंह निषाद, बोलबम समिति के सदस्य भागीराम पटेल, गौतम पटेल, गंगाराम पटेल, डिगेश पटेल, तामसिह पटेल, अमृतलाल दीवान, सुरेश यादव समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### नाचा गम्मत के माध्यम से दे रहे सामाजिक जागरुकता का संदेश

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुप्रसिद्ध एवं बहुचर्चित रजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान की प्रस्तुति स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ- साथ ग्रामीणजनों में सामाजिक जागरुकता लाने सहित नाटकीय प्रस्तुति से प्रेरित करने का कार्य कर रही है। दहेज कुप्रथा, बाल-विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा उन्मूलन, अंधविश्वास पर आधारित अनेक कहानी को मंचीय नाटकों के माध्यम से प्रस्तुति देते हुए दर्शकों में नाचा गम्मत पारंपरिक लोक विधा द्वारा समाज में जागरुकता एवं जनजागृति लाने का अहम भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही संस्था के संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी द्वारा नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए प्रदेशभर के 18 जिलों के 455 संस्था के 20000 कलाकारों के कल्याण के लिए शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर नाचा गम्मत के कलाकारों हितों को देखते हुए एवं प्रमुख मांगों को लेकर सक्रिय रुप से कार्य कर रहे हैं।

# स्कूल शिक्षा का नया संशोधित राजपत्र असंतुलित, एलबी संवर्ग को होगा नुकसान, टीचर्स एसो. ने जताया विरोध

**महासमुंद।** विभागीय भर्ती व पदोन्नति नियम में कार्यरत अनुभवी शिक्षक संवर्ग की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती नियम 13 फरवरी में आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि सीधी भर्ती को प्राथमिकता दी गई है। जबकि, सभी विभाग अपने अनुभवी कर्मचारियों को पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति देने को प्राथमिकता में रखते है। शिक्षा विभाग में बहुतायत अनुभवी, योग्य व दक्ष शिक्षक है, जिनकी नियम 13 फरवरी 2026 में घोर उपेक्षा की गई है। राजपत्र के प्राथमिक प्रकाशन पश्चात सुझाव व दावा आपत्ति भी नही लिया गया। सीधे इसे लागू किया जाना 2 लाख शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अन्याय है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, शोभा सिंह देव, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, अर्चना तिवारी, सादराम अजय, लालजी साहू,




नरेश पटेल, नंदकुमार साहू, विजय प्रधान, प्रदीप वर्मा, पुष्पलता भार्गव, लोरीश कुमार, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, जगदीश सिन्हा, खिलावन वर्मा, विकास साहू, केवल साहू,पवन साहू, मनीष अवसरिया, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, गौरीशंकर पटेल, वारिस कुमार, देवेंद्र भोई, देवेंद्र चन्द्राकर, सोमनाथ चौहान, कैलास चंद्र पटेल, राधेश्याम पटेल, महेंद्र पाल साहू ने कहा कि 13 फरवरी 2026 को प्रकाशित राजपत्र में पदोन्नति हेतु एलबी संवर्ग के कोटा को समाप्त करने से तात्कालिक पदोन्नति पाने वाले एलबी संवर्ग को पदोन्नति नहीं मिल पाएगी, यह आपत्तिजनक है। एलबी अलग कैडर होने से संवर्ग को निरन्तर पदोन्नति मिल रहा था। प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदों को प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी की स्थिति में उद्भूत रिक्तियों से शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की संयुक्त पदक्रम के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाएंगे। उपरोक्त प्रक्रिया अनुसार ई एवं टी संवर्ग के पदों को भरा जाएगा तथा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदों को ई एवं टी संवर्ग के सहायक शिक्षक प्रशिक्षित की वरिष्ठता सूची के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि एलबी संवर्ग को समाप्त किया गया है। अतः शासकीय शिक्षकों के पदोन्नति के बाद ही एल बी संवर्ग का पदोन्नति सम्भव हो पाएगा। अनुसूची 2, नियम 6 में प्राचार्य, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक तथा शिक्षक के पदों पर पदोन्नति के लिए केवल ई एवं टी संवर्ग का उल्लेख है, एलबी संवर्ग को विलोपित किया गया है, इससे यह स्पष्ट है कि एल बी संवर्ग के कैडर नाम को हटाया गया है। पदोन्नति के लिए एलबी संवर्ग कैडर को हटाने से ई एवं टी संवर्ग में एकीकृत वरिष्ठता सूची बनेगा, जिससे तात्कालिक पदोन्नति में एलबी संवर्ग को नुकसान होगा।

# कालेज में वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हर्षोल्लासपूर्वक हुआ। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वाय कर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी सदस्य गुलाब किशोर स्वर्णकार उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि वाय कर ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेल से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी प्रबल होती है।



## खबर संक्षेप



### मंदिर में मूर्ति व कलश स्थापना के साथ हुआ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में महाशिवरात्रि पर्व पर पुनर्निर्माण मन्दिर में मूर्ति व कलश स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ। पूजा स्थल पर हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। सर्वप्रथम मन्दिर में ध्वजारोहण किया गया। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने विधिविधान से पुनर्निर्माण मंदिर में कलश स्थापना और भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ से कराई। शिवलिंग को श्रृंगार से सजाकर भक्तों ने चारो ओर प्रतिक्रमा कर ओम नमः शिवाय का जाप व गंगाजल, पंचामृत, मक्खन से अभिषेक कर बेलपत्र अर्पित किया। महाआरती के बाद श्रध्दालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया। शिवालय में जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर शिव भक्त गोवर्धन चन्द्राकर, रवि चन्द्राकर, रमेश चक्रधारी, नरसिंग यादव, सन्तोष साहू, बलराम पटेल, व्यास चन्द्राकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाय गया मातृ-पितृ दिवस



**महासमुंद।** स्थानीय गुड शेफर्ड स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता-पिता को उनके बच्चों द्वारा श्रीफल भेंटकर सम्मानित करने के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एम निवास राव ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि माता-पिता ही बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं, जिनके संस्कार और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य तथा नाटिका की प्रस्तुति दी। लुकस कंवर के निर्देशन में सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट पर प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया। यास्मीन बेगम एवं प्रेरणा साहू के सम्मिलित निर्देशन में लाकडाउन के दौरान छात्र, पालक एवं शिक्षक मजबूत संबंध को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रीति ठाकुर के निर्देशन में बहुत ही मनोरंजक एवं प्रेरणा से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा छठवीं की श्रेया दुबे द्वारा भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया गया। पालक आफरीन अंजुम ने कहा कि जहां लोग वेलेंटाइन डे जैसे पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण करते हैं, वहां गुड शेफर्ड स्कूल में मातृ-पितृ दिवस आयोजन कर भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने का अनमोल पहल किया है।

## पार्थिव शिवलिंगों का हुआ रुद्राभिषेक, शिवालयों में गूंजा 'हर-हर महादेव

# महाशिवरात्रि पर निर्माणाधीन गौधाम बना आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

महाशिवरात्रि पर रविवार को भाटापारा नगर अंतर्गत निर्माणाधीन गौधाम में इस वर्ष आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं पार्षदगणों ने सम्मिलित होकर पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न इस अनुष्ठान में नगर के युवाओं व श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिव स्तुति और जयघोष से पूरा वातावरण घंटों तक गूंजता रहा, जिससे गौशाला स्थल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पार्थिव शिवलिंग में सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ एवं भाटापारा की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की एवं उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि निर्माणाधीन गौधाम भविष्य में धर्म सेवा और गौसंरक्षण का केंद्र बनेगा।

इस मौके पर मां शीतला परिवार, श्री ज्ञान गंगा गणेश उत्सव समिति, महासती वार्ड, स्टेशन वार्ड, सुभाष वार्ड स्थित शिव मंदिर, केके वार्ड (करनी ट्रेडर्स), मुंशी स्माइल वार्ड, ग्राम टिकुलिया, ग्राम तरपोंगा तथा टोहड़ी घाट में आयोजित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, कुंजराम कोसले, मनीष मिश्रा, लैनी योगेश अनंत के अलावा अन्य पार्षद शामिल थे।

## बालाजी दरबार में हुई चार प्रहर विशेष पूजा, 12 घंटे अखंड अनुष्ठान हुआ





**खरोरा।** महाशिवरात्रि पर नगर के श्री बालाजी दरबार में रात्रिकालीन चार प्रहर की विशेष पूजा एवं बारह घंटे का अखंड अनुष्ठान हुआ। शाम से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं भजन-कीर्तन किया। पूजा का शुभारंभ विधिवत मंत्रोच्चार के साथ किया गया। चारों प्रहर में अलग-अलग विधियों से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने दुग्ध, दही, घृत, शहद एवं गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की मंगलकामना की। रातभर चले इस अनुष्ठान के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। अगले दिन प्रातः विशेष आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्री बालाजी दरबार के सेवक पंडित धनंजय शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के उत्साह, सहयोग एवं आस्था से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। मंदिर परिसर में 24 घंटे तक हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।



### शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**खरोरा।** महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में शिव का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंजते रहे। अर्धनागेश्वर मंदिर बेल्दार सिवनी, बालाजी दरबार मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर पुलिस थाना सहित स्थानीय शिव मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बता दें महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व का है। यह दिन भगवान शिव की भक्ति, साधना और आशीर्वाद न पाने का विशेष असर होता है। शिव मंदिर में भक्तों की लंबी कतार सुबह से ही देखने की मिला जहां भक्त



लंबी लाइनों में लगकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण किये। भक्त दूध, दही, शहद से भगवान भोलेनाथ को स्नान कराया इसके अलावा भक्तों के द्वारा भांग, धतूरा, बेलपत्र और बेर चढ़ाया गया। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि ही के दिन जब समुद्र मंथन हो रहा था। जिसे भगवान भोलेनाथ ने अपने गले में धारण किया था, जिस विष की वजह से उन्हें जलन हो रहा था तय देवताओं के द्वारा उन पर गले करे ठंडक मिले इसलिए जल अर्पण किया गया, तब से महाशिवरात्रि के दिन उन्हें जल चढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया आज के दिन भोलेनाथ पर भांग धतूरा फूल बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। आज ही के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसके अवसर पर महाशिवरात्रि मनाई जाती है।

## मंगलनाथ नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड 11 में शिव मंदिर निर्माण एवं श्री मंगलनाथ नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सच्चिदानंद पाठक के वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई, जिसमें नगर के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। तीन दिनों के इस आयोजन में प्रथम दिवस कलश यात्रा और वेदी पूजा, द्वितीय दिवस शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा, गणपति पूजा, रुद्राभिषेक, पूर्णाहुति तथा तृतीय दिवस महा आरती, भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष गोपी साहू, वार्ड पार्षद खेलन बाई, हितेंद्र ठाकुर, मनीष चंद्राकर, शेखर वर्मा,केदार सरिता वर्मा, खेलन उर्वशी चंद्राकर, रवि निधिचंद्राकर, डिकेश विभाचंद्राकर, सत्येंद्र सुमन पटेल, लुकेश प्रभा देवांगन, सरिता कुलेश्वर वर्मा, रामनिवास पूर्णिमा, अरुंधति, वेद गोदावरी, खेमलाल प्यारी साहू, पूजा, कांति चुन्नी साहू, तुलसी, अनिता साहू सहित अनेक नगर के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित हुए।



## खीर, पूरी व पुलाव बांटकर मनाया



**अमेरा।** जिला मुख्यालय सहित अंचल में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सभी शिवलयों में सुबह से ही जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना प्रारंभ होकर देर शाम चलती रही। सभी शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा खीर, पूरी व पुलाव बांटा गया। महाशिवरात्रि पर ग्राम पंचायत सकरी के शिव भक्त चंदू साहू, दीपक साहू, राजेन्द्र देवांगन, गंगाधर देवांगन, देवेन्द्र देवांगन, योगेश साहू, रेशम साहू, रूपेश साहू, अखिलेश साहू, रवि कनौजे द्वारा नक्कटी तालाब किनारे स्थित शिवालय में पूजा अर्चना कर पुलाव वितरण कर भगवान शंकर को प्रसन्न करने का प्रयास किया गया।

### दशरमा में धूम धाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व

**रिसदा।** जिले से लगे ग्राम पंचायत दशरमा में जय भोले सेवा समिति बांधा पारा एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि द्वारा रुद्र महादेव का रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना किये। पूजा पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, जगमोहन घृतलहरे जनपद सदस्य, मधु नीलकंठ साहू सरपंच, आसाराम ध्रुव सोसायटी अध्यक्ष, मोहनलाल पैकरा उपसरपंच, नेतराम साहू, रमा रोशन साहू सरपंच पुरैना खपरी, पारस नाथ साहू सरपंच खटियापाटी, समिति सदस्य नंदकिशोर नेताम, परमेश्वर देवांगन, कुंभकरण साहू, भोला ध्रुव महिला समिति एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



# बाबा देव धाम में महाशिवरात्रि पर हुआ मड़ई मेला का आयोजन

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के जय बाबा धर्म नगरी के नाम से जाने जाने वाला गौरव रावन के खेतों के मध्य स्थित श्री बाबा देव धाम में महाशिवरात्रि पर यादव समाज द्वारा भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सुबह से ही गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। घरों सहित आसपास के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। सत्यनारायण भगवान का पूजा की गई। वहीं विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवरिया समिति के हलवा, पूरी, केला और सुनील वर्मा द्वारा पानी पाउच सभी भक्तों को वितरण साथ ही बंगाली दवाखाना द्वारा खीर पूरी वितरित की गई। शिव भक्तों द्वारा सुबह चार बजे से ही पूजा अर्चना आरंभ, मंदिरों की घंटी तालाब तक सुनाई देती रही। आसपास से आए हुए श्रद्धालुओं का तांता, साथ ही डेढ़ किलोमीटर तक आना-जाना देर शाम तक लगा रहा रहा। शांति व्यवस्था हेतु सुहेला पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद थे।

श्रद्धालुओं के द्वारा शिवलिंग के पूजन के साथ जलाभिषेक, धतूरा, कनेर, बेलपत्र, अर्पित किए। साथ ही पंचामृत, गंगाजल, दूध, दही और गन्ना रस से अभिषेक कर सभी पापों का नाश के लिए भगवान से विशेष प्रार्थना किऐ। सुहागिनों महिलाओं के द्वारा भगवान भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना भी करेंगी।





## पेज 9 के शेष

### नव नियुक्त मंडल...

मजबूत नींव ही जनता के विश्वास को सुदृढ़ करती है। मंडल अध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं, जो विधायक एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे समन्वय, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र की जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ जरूरतमंदों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से ही विकास कार्यों में गति आएगी। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा मंडल स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभी मंडल अध्यक्षों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटे रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता, समर्पण और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला।

### शिक्षा, संस्कार और...

अध्यक्ष प्रहलाद रजक मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक जनपद सभापति अश्वनी रजक मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा महामंत्री संतोष वर्मा गातापार सरपंच अंकिता संदीप वर्मा प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे रजककार विकास बोर्ड पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक प्रदेश उपकोषाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर जारा राज अध्यक्ष नीलमणि चौधरी कसडोल मल्हार राज कोषाध्यक्ष मोहर सिंह निर्मलकर एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अशोक कुमार निर्मलकर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक ने उपस्थित समाज जनों को रायपुर में 23 फरवरी को होने वाले संत गाडगे जन्मोत्सव एवं मड़ई मेला कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार शंकर रजक, रायपुर राजप्रधान गोवर्धन कनौजे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीला रजक, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमाशंकर कर्ष, लवन राज उपाध्यक्ष जनीराम निर्मलकर, सचिव चोवाराम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### हायर सेकण्डरी और ...

होगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे ने बताया कि परीक्षा सामग्री का वितरण सोमवार से शुरू हो चुका है। सोमवार को बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के केंद्राध्यक्षों को परीक्षा सामग्री वितरण किया गया। मंगलवार को विकासखंड पलारी भाटापारा एवं सिमगा के केंद्राध्यक्षों को वितरित की जाएगी। छात्रों को प्रवेश पत्र उनके स्कूल में मंगलवार से वितरण शुरू होगा।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों...

समय रामायण मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया जहां श्रद्धालुओं भक्ति भाव से श्रवण किया। वहीं सांस्कृतिक विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां उपस्थित जनसमूह ने इसका आनंद उठाया। मेले में बच्चों के साथ महिलाओं ने झूले का आनंद लिया। वहीं मंदिर प्रांगण एवं मंदिर मार्ग पर प्रसाद वितरण भी किया गया।

### देवाधिदेव महादेव ने ..

सुखदानी घृतलहरे अध्यक्ष सरपंच संघ, मोहन लाल साहू, प्राधिकृत अधिकारीगण मुकेश साहू, संतराम साहू, हिमांशु वर्मा, रामलाल टंडन, सुरेन्द्र वर्मा, अभय राम निषाद, सुखनंदन धीवर, बंशी धुरंधर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए देशभक्ति गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज दीक्षित, कर कमलों से भारत माता एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान का केंद्र नहीं है, बल्कि यह बच्चों के जीवन निर्माण में शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और संस्कृति का समन्वय सशक्त समाज की नींव रखता है और इस मंच के माध्यम से अपने एक्स्ट्रा टैलेंट को सबके सामने प्रस्तुत करता है, जिससे बच्चों मे सर्वांगीण विकास होता है और आपके हुनर को लोगों तक पहुंचाने मीडिया के साथी भी उपस्थित है।

इस परिवर्तन कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहां बच्चों के पालक, दर्शक एवं अतिथिगण ने बच्चों के प्रस्तुतियां देखकर खुश नजर आये। कार्यक्रम के मध्य नोडल अधिकारी एवं सेजेस प्राचार्य प्रीतम भारद्वाज, स्कूल समन्वयक विजय साहू, अजय नारंग, लक्ष्मन नामदेव, केपी पटेल, धर्मेंद्र साहू, सुरेश रघु आदि शामिल हुए और नगद पुरस्कार देकर बच्चों को मोटीवेट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के डायरेक्टर रुक्मणी आदित्य, प्रिंसिपल नरेश पटेल, किरण पटेल सहित शिक्षक मुस्कान सिंह राजपूत, भगवती यादव, शुक्रिता प्रधान, हेमलता साहू, दीप्ती साहू, लक्ष्मी साहू, मनीषा आदित्य, साधना, खुशी, विशाल, अजगल्ले मैडम सहित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा।



### कॉलेज में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**खरोरा।** महाविद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति की चित्रकला को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें गोड़, वारली, टेराकोटा, मधुबनी पेंटिंग, मीनकला प्रमुख हैं। छात्र-छात्राओं ने पाककला प्रतियोगिता में चावल आटे से बनने वाले अंगाकर, मोटा रोटी, चिला, फरा, दूध फरा, अइरसा, देहरौरी भजिया, चौसेला आदि छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बनाकर यहां की पहचान को संरक्षित करने का सराहनीय प्रयास किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में युवा पीढ़ी में सहनशीलता और संघर्ष का अभाव तथा आत्महत्या की बढ़ती घटना जैसे प्रासंगिक एवं गंभीर विषय पर भाग लेकर अनेक विद्यार्थियों ने अपने विचारों को उत्कीर्णित किया है। फैंसी ड्रेस कंपीटिशन में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मी बाई, देवी अहिल्या बाई होलकर आदि राष्ट्रीय चरित्रों का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविता के साथ-साथ मैथिलीशरण गुप्त, महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान आदि कवियों की कविताओं का पाठ कर अपनी साहित्यिक अभिरुचि एवं रचना में निहित भावों के माध्यम से अपनी भावना को व्यक्त किया।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निजी अस्पताल की तरह मिली रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का सोमवार को निरीक्षण कर डीएमएफ मद से चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी, कि निर्माण कार्यों में तेजी लाये और गुणवत्ता के साथ 10 मार्च तक सभी लंबित कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का निरीक्षण



### रेबीज के साथ अन्य दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ल

कलेक्टर ने ओपीडी, आईपीडी, ड्रेसिंग, दवा, एनसीडी, लैब, नेत्र एक्स-रे आदि कक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने रेबीज के साथ अन्य दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। लैब कक्ष में प्रतिदिन लगभग 50 मरीजों की जांच पर, एक्स-रे कक्ष में कलेक्टर को शुल्क की जानकारी दी गई कि एक्स-रे की पीडीएफ कॉपी के लिए 50 रुपये और प्रिंट के लिए 150 रुपए शुल्क लिया जाता है, जबकि बुजुर्गों और बच्चों के लिए सुविधा निःशुल्क है।

प्राइवेट हॉस्पिटल की तर्ज पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में निर्माण और स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है, एक्स-रे, सोनोग्राफी और कई प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को बेहतर सुविधा देने और सभी विकास कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। हाथ-पैर के इलाज के लिए आये मरीज मंटोरी बर्मन और पेट दर्द के इलाज के लिए हॉस्पिटल आयी कौशल्या कुमारी ने कलेक्टर को बताया कि पहले की तुलना में अस्पताल की व्यवस्था बेहतर हुई है और समय-समय पर नर्सिंग स्टाफ मरीजों की देखभाल कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मुनि सुयश सागर का नगर प्रवेश, फाफाडीह में बहेगी धर्म की गंगा

**रायपुर।** सन्मति नगर दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि सुयश सागर और मुनि कौशल्य सागर का रविवार शाम को मंगल प्रवेश हो गया है। जैन मंदिर प्रवेश के अवसर पर जैन समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि मुनि संघ पदविहार कर बलौदाबाजार, भाटापारा, नेवरा, सिमगा, सांकरा होते हुए सुबह ग्राम गिरोद स्थित जिनेंद्र कुमार, जयेश कुमार पाटनी के परिसर अहारचर्या के बाद विहार कर सायं 5.30 बजे मुनि संघ का प्रवेश फाफाडीह जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। इसी दौरान मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा, जब जो मिलना है, वह निश्चित है। आप सभी के पुरुषार्थ चलते संपूर्ण रायपुर के समाज को धर्मलाभ मिलने जा रहा है।

### सिकलसेल मरीजों की विशेष ओपीडी आज से

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग द्वारा सिकलसेल रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष दवाई वितरण, आवश्यक जांच तथा न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन के लिए 16 से 23 फरवरी तक विशेष ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस दौरान सिकलसेल रोगियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की समुचित जांच कर परामर्श दिया जाएगा तथा अभिभावकों को रोग प्रबंधन, पोषण एवं संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अभिभावक, निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों को शिविर में अवश्य लाएं, ताकि समय पर उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल सिकलसेल रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ग्राम मुड़पार में महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र की प्रगति व सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक यादव ने ग्रामवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई भी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नूतन पटेल, बलदाउ निहाल, तिलक सिन्हा, दामोदर पटेल, जनक दीवान, मानसिंह टांडे, खामसिंग, डी कुमार चौरे, राजू निहाल, संतोष पटेल, उत्तम राणा, दीनदयाल दीवान, पोखन महानंद, देवलाल पटेल, नारायण निहाल, लेखमणी पटेल, टेकराम पटेल आदि मौजूद थे।

## निधन

### राजरानी सचदेव



**भाटापारा।** नेहरू वार्ड निवासी राजरानी सचदेव का सोमवार 16 फरवरी को निधन हो गया। वे राजीव सचदेव की पत्नी एवं दीपक सचदेव, सन्नी सचदेव की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 17 फरवरी मंगलवार सुबह 9 बजे निकलकर हिन्दू मुक्तिधाम रामसागर पारा जाएगी।

## आयोजन : पैजनी स्कूल में मातृ पितृ दिवस मातृ सम्मेलन हुआ

# बच्चों में माता-पिता के प्रति प्रेम सहयोग और सम्मान का भाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा





प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में मातृ-पितृ दिवस एवं मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि यशवंत वर्मा उपसरपंच, संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारूदास बांधे एवं उपस्थित पालकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा अतिथियों एवं पालकों को गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

मातृ-पितृ दिवस एवं मातृ सम्मेलन में नन्हें मुन्नें बच्चों द्वारा फूल माला नारियल अगरबत्ती एवं दीप के साथ आरती सजाकर अपने पालकों की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद लेते हुए जीवन में सदैव उनकी हर सेवा कार्यों में सहयोग करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गांववासियों बच्चों एवं शिक्षकों को मातृ-पितृ की बधाई देते हुए कहा कि मातृ पितृ दिवस हमारे लिए प्रतिदिन होता है। हमें प्रतिदिन अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। हमें जीवन में ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे माता पिता का सम्मान हो और जीवन में सदैव अच्छे कार्य करते रहने की अपील की। संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चें के जन्म से लेकर एक कामयाब नागरिक होने तक उनकी हर आवश्यकताओं को चाहे परिस्थितियां जैसी भी हो हर संभव पूरा करने का प्रयास करता है, ठीक उसी प्रकार बच्चे को भी अपने माता पिता के हर सुख-दुख में सदैव उनकी लाठी का सहारा बनते हुए उनके प्रत्येक कार्यों में सहयोग करने हेतु तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। पालकों में ओमप्रकाश गायकवाड़, शिवप्रसाद साहू ने कहा कि मातृ-पितृ दिवस कार्यक्रम प्रतिवर्ष होना चाहिए, जिससे बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति प्रेम सहयोग एवं उनके प्रति सम्मान की भावना बनी रहे। संस्था प्रमुख द्वारा मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त माताओ को श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद वर्मा, रमेशरी वर्मा, पंचो में गायत्री वर्मा, पालकों में चैनसिंग साहू, योगेश वर्मा, हेमलता वर्मा, प्रीत बाई वर्मा, हेमिन साहू, नम्मी वर्मा, मनीराम सागर, शिक्षकों में लोमस कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, सुकृता सेन, सुनीता यदु, ज्यामिति यदु, दीपमाला तिवारी, गीतांजली पटेल, हुलसी वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा शाला के समस्त बच्चें व रसोईया उपस्थित थे।

### हाईस्कूल में हुआ विदाई समारोह



**मुंडा।** शासकीय हाई स्कूल चिरपोटा में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीनियर छात्रों की विदाई दी गई। कक्षा दसवीं के विद्यार्थी खगेश्वरी वर्मा ने स्कूल के पुरानी यादों को साझा किया। प्राचार्य देवेंद्र कुमार सोनवानी ने बच्चों को आने वाले परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी तथा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए जरूरी मार्गदर्शन प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार सोनवानी, शिक्षक गण कृष्ण कुमार वर्मा, कृष्णा पाण्डेय, प्रकाश कुमार पटेल, जीवन लाल रजक, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फ़ेकर व सफाई कर्मचारी वेद प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**पलारी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान प में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी नैसर्गिक प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रत्येक कार्यक्रम को जीवंत बनाने का प्रयास किया। इसमें उन्हें पूर्ण सफलता प्राप्त हुई। छात्र छात्राओं ने रावत नृत्य, कर्मा नृत्य, पंथी नृत्य, जसगीत, सुआ नृत्य साथ ही अन्य विभिन्न प्रकार के नृत्यों की प्रस्तुति दी। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलकमल जामवंती साहू अध्यक्षता ग्राम प्रमुख अंजली फेकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक जीवन लाल जोशी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश माहेश्वरी, अतिथि के रूप में उप सरपंच नरोत्तम यादव, संकुल प्राचार्य उमा वर्मा, संकुल समन्वयक योगेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में साधराम बारले, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय उच्चतर विद्यालय केशरी वर्मा, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि सुमित्रा साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान प कुंवर सिंह रजक, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय ज्योति चंद्राकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय सुंदर फेकर, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय नीलकमल साहू, शिक्षाविद शाला प्रबंधन समिति कृष्ण कुमार वर्मा, शिक्षाविद शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय दतान प साथ ही हेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# 500 छात्रों को पटेल पीटीआई ने परोसा न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमग

विकासखंड सिमगा के उ मा.विद्यालय नवापारा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के पटेल पीटीआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 6वीं से कक्षा 12वीं तक के 500 विद्यार्थियों ने भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सरस्वती व अन्नपूर्णा माता की पूजा आरती से हुई।

तत्पश्चात भोजन मंत्र उच्चारण कर भोजन प्रारंभ किया गया। भारतीय परंपरा व शास्त्र के अनुसार जमीन पर बिठाकर सभी बच्चों को सात्विक भोजन और उसके महत्व व लाभ को भी बताया गया। पटेल पीटीआई ने कहा कि विगत तीन सालों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खेल उपलब्धियां एवं एनसीसी में प्रमोशन की खुशी में न्योता भोज कार्यक्रम किया गया। अब हर साल न्योता भोज का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी विशेष सहयोग रहा।

इस दौरान प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा, उप प्राचार्य गणेशराम घीतकर, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, महेश शुक्ला, शिक्षिका ललिता वर्मा, सुषमा वर्मा, ज्योति साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### डी के कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा की तारीखें घोषित

**बलौदाबाजार।** शासकीय डी के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की विश्वविद्यालयीन प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां महाविद्यालय के परीक्षा विभाग ने घोषित कर दी हैं। तदनुसार बी एस सी भाग दो व तीन भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 18 फरवरी को प्रातः 8 बजे से, बी एस सी भाग 2 भूतपूर्व व अमहाविद्यालइन तथा बी एस सी भाग 3 नियमित व अमहाविद्यालइन वनस्पति शास्त्र 19 फरवरी प्रातः 9 बजे से, बी एस सी भाग 2 व 3 रसायन शास्त्र 20 फरवरी को प्रातः 8 बजे से, बी ए भाग 2 व 3 भूगोल 23 फरवरी प्रातः 8 बजे से व बी एस सी भाग 2 व 3 प्राणिशास्त्र 24 फरवरी को प्रातः 9 बजे से संपन्न होगी। सम्बंधित सभी परीक्षार्थियों को प्रबंधन ने निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि व समय पर अपने अपने विभाग मे उपस्थित रहें व विभागाध्यक्ष से नियमित संपर्क बनाये रखें। अनुपस्थिति रहने पर सारी जवाबदारी परीक्षार्थी की होगी।

## नगर के गायक कलाकार को रायपुर में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर खरोरा के गायक कलाकार कृष्ण कुमार मानिकपुर उर्फ राजू को देश भक्त सहित फिल्मी गायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुंबई से आये कलाकार आफताब शिवदसानी द्वारा यूनिवर्सिटी रायपुर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में गायन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए सम्मानित किया। इस दौरान फिल्मी जगत के कलाकार शिवदसानी ने कृष्ण कुमार मानिकपुरी को बेस्ट गायक के लिये गया मोमेंटो और प्रमाणपत्र दिया गया। कृष्ण कुमार उर्फ राजू को सम्मानित किये जाने पर नगरवासियों ने बधाई दी। बता दे कृष्ण कुमार मानिकपुरी खरोरा क्षेत्र में गायक के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।

## नपा अध्यक्ष ने किया रंगमंच भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी के वार्ड 9 में नवनिर्मित रंगमंच भवन का लोकार्पण महाशिवरात्रि पर विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, मनीष चंद्राकर,नगर उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद कुमार धीवर, नेमसिंह बांधे,लेखु वर्मा, नारायण धीवर एवं घनश्याम धीरहे मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर इस भवन का लोकार्पण होना पूरे वार्ड के लिए शुभ संकेत है। यह भवन सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र की सामाजिक एकता मजबूत होती है और जन सुविधाओं में विस्तार होता है। उक्त अवसर पर से धीवर, मनहरण ध्रुव, भानु ध्रुव, रोहित सेन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## कंप्यूटर और तकनीकी क्षेत्र की बारीकियों को बहुत ही गंभीरता से सीखा

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को मिला इंटर्नशिप प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



आईआरवाय शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आईटी और हेल्थकेयर ट्रेड के उन छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए, जिन्होंने अपनी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी की है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा ने छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में डिग्री के साथ-साथ हुनर का होना बेहद जरूरी है। हमारे विद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर भारत की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं।इस अवसर पर आईटी प्रशिक्षक कैलाश साहू ने बताया कि छात्रों ने स्कॉलरशिप कंप्यूटर सेंटर में इंटर्नशिप के दौरान कंप्यूटर और तकनीकी क्षेत्र की बारीकियों को बहुत ही गंभीरता से सीखा है। वहीं हेल्थकेयर प्रशिक्षिका कुसुम सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत है, आवश्यक है और छात्रों ने आडील अस्पताल में भ्रमण व ट्रेनिंग के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है। जीपी वर्मा तथा डीपी साहू ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा भविष्य में स्व रोजगार के विकल्पों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में पी आर शर्मा, केके यादव के ध्रुव, सुश्री जे लकड़ा, सुश्री एस खूंटे आर के चौबे तथा मीनू कुशवाहा भी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411